समाचार

# आयुक्त ने किया गोपालपुर व चौरभट्ठी स्थित क्वारन्टाईन सेंटरों का औचक निरीक्षण

## (भोजन, पेयजल, साफ–सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा, प्रवासी श्रमिकों से की चर्चा, व्यवस्थाओं पर जानी उनकी राय, श्रमिकों द्वारा व्यवस्थाओं पर व्यक्त की गई संतुष्टि)



कोरबा 22 मई 2020 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज केन्द्रीय विद्यालय गोपालपुर तथा आई.ट.आई.कालेज ट्रेनिंग सेंटर चोरभट्ठी में बनाए गए क्वारन्टाईन सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं अन्य अधिकारियों के साथ सेंटर में पहुंचकर वहां की भोजन, पेयजल, साफ–सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, उन्होने क्वारन्टाईन सेंटरों में रूके हुए प्रवासी श्रमिकों से चर्चा कर सेंटर की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली, श्रमिकों द्वारा व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की गई।

बाहर से आने वाले लोगों एवं प्रवासी श्रमिकों को क्वारन्टाईन करने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में विभिन्न क्वारन्टाईन सेंटर बनाए गए हैं, जिनमें से अधिकांश सेंटरों में बाहर से आए लोग एवं प्रवासी श्रमिकों को क्वारन्टाईन किया गया है। इन सभी सेंटरों में जिला प्रशासन के निर्देश पर नाश्ता, भोजन, शुद्ध पेयजल, आवास हेतु व्यवस्था, साफ–सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम के दर्री जोनांतर्गत स्थित केन्द्रीय विद्यालय गोपालपुर एवं आई.टी.आई. कालेज ट्रेनिंग सेंटर चोरभट्ठी का अधिकारियों के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने भोजन, पेयजल, साफ–सफाई सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का सघन रूप से जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं की और अधिक बेहतरी हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री देव ने मुख्य क्वारन्टाईन सेंटर के साथ–साथ वहां बनाए गए स्टोर रूम व किचन का भी निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाएं देखी।

<u>व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की श्रमिकों ने</u> – आयुक्त श्री देव ने इन दोनों क्वारन्टाईन सेंटरों में रूके प्रवासी श्रमिकों से सेंटर की व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, श्रमिकों

ने कहा कि क्वारन्टाईन सेंटर की व्यवस्था अच्छी है, समय पर चाय, नाश्ता, भोजन मिलता है तथा पर्याप्त मात्रा में यहां पर शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही नहाने, धोने एवं नित्यक्रिया हेतु बाथरूम, स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था भी यहां पर है।